जेईई मेंस की तर्ज पर यूटीयू में होगी बीटेक की काउंसलिंग प्रक्रिया

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में इस साल सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया जेईई मेंस की तर्ज पर ऑनलाइन काउंसलिंग से की जाएगी।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विवि के कैंपस, कॉलेज, सरकारी-स्वायत्तशासी एवं संबद्ध निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ ही गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कैंपस, कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के सभी पाठ्यक्रमों में

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए कल से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा

कल (10 अप्रैल) से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि ऑनलाइन काउंसलिंग जून महीने से शुरू होगी।

विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि विवि में 215 प्रकार के बीटेक पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सिंगल विंडो व्यवस्था के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। बताया, बीटेक प्रथम वर्ष

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह। संवाद

में प्रवेश के लिए जेईई-मेंस में सफल छात्रों को वरीयता दी जाएगी।

छात्र सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग आदि में मेजर के साथ कंप्यूटर साइंस के विषयों में माइनर कोर्स भी कर रहे हैं। इंजीनियरिंग के साथ फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि आदि पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया भी 10 अप्रैल से होगी।

पुनः मूल्यांकन के लिए चुकाने होंगे तीन हजार

मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने के लिए विवि की ओर से ऑनलाइन व्यवस्था की है। पूरी कॉपी का पुनः मूल्यांकन करने के लिए छात्रों को तीन हजार रुपये चुकाने होंगे। हालांकि एक प्रश्न के पुनः मूल्यांकल के लिए छात्रों को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

विवि में शुरू होगा साइबर सिक्योरिटी कोर्स

विवि में जल्द साइबर सिक्योरिटी कोर्स शुरू किया जाएगा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार खुले हैं। इसको ही ध्यान में रख साइबर सिक्योरिटी कोर्स को शुरू करने का फैसला लिया है।